







NEW HOLLAND अब आपके और भी नजदीक में न्यू हालैण्ड डीलर चारामा SWASTIK AGRO

6 YEARS WARRANTY

भव्य ॥ शुभारंभ ॥

स्वास्तिक एग्रो

पेट्रोल पंप के बाजू, धमतरी रोड, चारामा माहुद

हर्षित अग्रवाल 8319216030, आयुष अग्रवाल 8109711532

सर्वाधिक PTO एवं खींचने की क्षमता

HP हाइड्रॉलिक लिफ्टिंग क्षमता* - 1500 Kg

श्रेणी में सर्वाधिक रोड स्पीड 33.06 kmph

श्रेणी में सर्वाधिक रोड स्पीड 33.06 kmph

B.M. COLLEGE

B.Ed.

कोड-114336

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

अंतिम तिथि-14/10/24

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग

8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

## खबर संक्षेप



### सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**चारामा।** आदिशक्ति पहाड़ावाली रानी माँ मंदिर समिति ग्राम आंवरी बारहग्राम परिक्षेत्र चारामा में बतौर मुख्य अतिथि भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मण्डावी का आगमन हुआ। विधायक के सौजन्य से मंदिर प्रांगण में लोक प्रयाग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर अमिता बंजारे सदस्य जनपद पंचायत, ललित नारायण गोटी, रवि शंकर नागवंशी, रासुक लाल, राजकुमारी कोसमा, हिरवेंद्र साहू विधायक प्रतिनिधि, भूषण सिन्हा, ललिता नेताम, महेन्द्र नायक, कृष्णा साहू, विष्णु सिन्हा, झाड़ूराम साहू, सुखीराम सिन्हा, महेश साहू व पूरन जैन उपस्थित रहे।

### हाटकोंदल में दुर्गा प्रतिमा का किया गया विसर्जन



**दुर्गकोंदल।** हाटकोंदल में नवरात्रि पर नौ दिनों तक माता की प्रतिमा विराजित कर पूजा अर्चना के उपरांत दसवें दिन डीजे की धुन पर नाचते मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। नवरात्र के दौरान विविध धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। दसवें दिन मां दुर्गा को जसगीत के साथ सेवा अर्जी करते हुए गांव भ्रमण करासा गया। जहां सभी चौक चौराहों में लोगों ने पूजा अर्चना किया और मां की विदाई में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। अंतिम आरती में आम नागरिक श्रद्धालु भक्त शामिल होकर विदाई दिया।

### अभिरुचि समूह किशनपुरी ने रायपुर में बेचा सीताफल



**कांकेर।** कृषि विभाग एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजनान्तर्गत गठित राम कृषक अभिरुचि समूह किशनपुरी द्वारा कांकेर वेली फ्रेश सीताफल परियोजना अंतर्गत सीताफल उत्पादन, संग्रहण, ग्रेडिंग, पैकेजिंग का कार्य किया गया। ए ग्रेड सीताफल का बॉक्स तैयार कर प्रति बॉक्स 100 रूपए की दर से मरिन ड्राइव तेलीबांधा रायपुर में विक्रय किया जा रहा है। बी एवं सी ग्रेड सीताफल को केरेट्स में पैकिंग कर प्रति कैरेट्स 500-600 रुपए की दर से मंडी रायपुर में विक्रय किया जा रहा है। सीताफल ▶▶। शेष पेज 8 पर


पर्व : विधायक आशाराम कार्यक्रम में हुए शामिल, किया रावण दहन

# रावण, मेघनाथ व कुंभकरण का वध है असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कांकेर

हिंदू धर्म में हर साल अश्विन माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को दशहरे का त्योहार मनाया जाता है। इस दौरान देशभर में रावण के पुतले का दहन किया जाता है। हिंदू धर्म में दशहरे के त्योहार को बुराई पर अच्छाई की और अंधकार पर रोशनी की जीत का प्रतीक माना जाता है। हिंदू मान्यताओं के अनुसार इसी दिन भगवान श्री राम ने लंकापति रावण का वध किया था।

शहर के नरहरदेव मैदान में मुख्य दशहरा समारोह का आयोजन 12 अक्टूबर को किया गया। शाम 6 बजे से लोक कलाकारों ने राम-रावण युद्र प्रसंग का प्रस्तुतीकरण किया। इसके बाद सबसे पहले मेघनाथ फिर कुंभकरण तथा सबसे अंत में रावण के पुतले का दहन किया गया। रावण दहन के साथ मैदान में भव्य आतिशबाजी की गई। रावण दहन में शहर के अलावा गांव गांव से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। विकासखंड नरहरपुर के ग्राम चंवाड़ के लोक कलाकारों की टीम में राम-लक्ष्मण के साथ उनकी हनुमान, जामवंत सहित पूरी सेना थी, वहीं रावण के साथ मेघनाथ, कुंभकरण सहित राक्षसों की पूरी सेना थी। पूरे शहर का भ्रमण करते लोक कलाकार नरहरदेव मैदान पहुंचे, यहां शाम 6 बजे से उन्होने राम रावण युद्ध प्रसंग का प्रस्तुतीकरण किया। लोक कलाकारों की प्रस्तुती को दर्शकों ने बेहद सराहा। इसके बाद विधिविधान से रावण का पूजन किया गया। सबसे पहले मेघनाथ के पुतले का दहन किया गया। इसके बाद





लोक कलाकारों ने राम-रावण युद्ध प्रसंग का शानदार मंचन किया

कुंभकरण के पुतले का दहन किया गया। सबसे अंत में 50 मीटर दूरी से रावण की नाभि में इलेक्ट्रानिक सिस्टम से तीर से वार किया गया। इसी तीर से रावण के पुतले का दहन हुआ। रावण के पुतले के दहन के साथ ही मैदान में आतिशबाजी की गई। मैदान में उमड़ी भारी भीड़ को नियंत्रित करते पुलिस ने सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए थे तथा बेरिकेटिंग की गई थी। विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि दशहरा या विजय दशमी के दिन ही भगवान रामचंद्र ने रावण पर विजय पाई थी, इसीलिए इस दिन रावण का पुतला जलाया जाता है जोकि बुराई, अहंकार, अत्याचार और अधर्म पर धर्म, सत्य और न्याय की विजय का प्रतीक माना जाता है। आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, पूर्व विधायक शिशुपाल शोरी, नगर पालिका अध्यक्ष सरोज ठाकुर, राजेश तिवारी, जितेंद्र ठाकुर, भाजपा नेता भरत मटियारा, दिलीप जायसवाल, राजीव लोचन सिंह, राजा देवनानी, हलधर साहू, जयंत अटभैया, दीपक खटवानी, अरूण कौशिक, नीलू तिवारी, राकेश शर्मा व दशहरा देखने के लिए शहर के अलावा आसपास गांव के लोग भी शामिल हुए।

### रावण दहन पर लोक मान्यता

रावण दहन को लेकर यह मान्यता है कि सोने की लंका का सम्राट रावण अस्त्र-शस्त्रों का पारंगत, तपस्वी और प्रकांड विद्वान तथा राजधर्म का ज्ञाता था। कहा जाता है कि रावण अपने दस सिर से 10 दिशाओं पर नियंत्रण कर सकता था। रावण ने ब्रह्माजी की 10 हजार वर्षों तक तपस्या की और हर 1,000वें वर्ष में उसने अपने 1 शीश की आहुति दी, इसी तरह जब वह अपना 10वां शीश चढ़ाने लगा तो ब्रह्माजी प्रकट हुए और रावण से वर मांगने को कहा। रावण ने ब्रह्माजी से ऐसा वर मांग लिया की उसे मारना मुश्किल था। चारों वेदों और 6 उपनिषदों का ज्ञान रखने वाले रावण पर जब राम ने विजय प्राप्त की तो इसे विजयादशमी कहा जाने लगा। जिसे विजय पर्व के रूप में मनाया जाता है। रावण का सर्वनाश उसके क्रोध और अहंकार के कारण हुआ। राम ने जब रावण का वध किया, तो इसे बुराई पर अच्छाई की जीत के तौर पर देखा गया। इसी वजह से बुराई रूपी रावण के पुतले के दहन की परंपरा हर साल निभाई जाती है।

## पेन-कापी खरीदकर घर लौटता छात्रा बाइक की ठोकर से घायल, रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पखांजुर

आवासपारा में रहने वाले नाबालिक 15 वर्षीय अरूण पुराना बाजार में पुस्तक व पेन खरीदने गया था। पुस्तक व पेन खरीदक वापिस घर आ रहा थी, उसी समय पीछे से मोटर सायकल चालक ने लापरवाही ढंग से चलाते हुए नाबालिक को ठोकर मारकर घायल कर दिया। नाबालिक की माँ की शिकायत पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ 12 अक्टूबर को मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पखांजुर थाना में शिकायत करने पहुँची आवासपारा निवासी उर्मिला बाई पति नारायण धाकड़ ने पुलिस को बताया कि मेरा बेटा अरूण धाकड़ उम्र 15 वर्ष अपने घर से पुराना बाजार बुक डिपो में पेन खरीदने गया था।



पेन खरीदकर अपने साईड से अपने घर तरफ आ रहा था, तभी सायं लगभग 4 बजे पीछे तरफ से वाहन पल्सर एनएस 125 सीसी चालक सुजन सरकार द्वारा अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर मेरे पुत्र को ठोकर मार दिया है। ठोकर मारने से मेरे पुत्र के हाथ में गंभीर चोट आया है। घटना के बाद मुझे फोन से जानकारी मिली और मै तत्काल घटना स्थल पर पहूंचा फिर देखा कि आस पास के लोग उसे पानी पीने दे रहा है तथा दुघर्टना कारित करने वाला व्यक्ति भी घटना स्थल के पास मौजूद था। उसके बाद मै पुत्र को वंदना अस्पताल पखांजूर ईलाज के लिए ले गया, जहाँ पर प्राथमिक ईलाज के बाद मेरे पुत्र के हाथ में गंभीर चोट होने से सिविल अस्पताल पखांजूर भेजा गया। सिविल अस्पताल में मेरा पुत्र को भर्ती करके लगभग एक माह तक ईलाज किया गया है, उसके हाथ में गंभीर चोट होने से उसे हायर सेंटर भेजा गया। धमतरी में अस्पताल में 9 अक्टूबर को भर्ती कर उसके हाथ में आपरेशन किया गया है और 11 अक्टूबर को अस्पताल से डिस्चार्ज कर देने के ▶▶। शेष पेज 8 पर

## विजय दशमी पर राजपरिवार ने पारंपरिक ढंग से की देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कांकेर



शहर के पैलेस में देव पूजा व देव मिलन समारोह का आयोजन हुआ, जिसमे कई गांवो से देवी देवता पहुंचे। पैलेस को एक दिन के लिए आम जनता के लिए खोला गया था। पैलेस में पहुँची आमजनता ने राज महल में रखी सामग्रियो का अवलोकन किया। राज परिवार ने सभी देवी देवता का पूजन किया।

विजयदशमी के दिन देव पूजा व देव मिलन समारोह का आयोजन राजमहल में किया गया, जिसमें विजयदशमी के एक दिन पहले 11 अक्टूबर की रात को ही दूरस्थ गांव से देवी देवता बाजा गाजा के साथ पहुंचना शुरू हो गए थे और सुबह 11 बजे तक देवी देवता, गायता, पुजारी, भगत, सिरहा के साथ पहुंचते रहे। विजय दशमी को दोपहर को राजपरिवार के सदस्यों के द्वारा पूजा राजमहल में पहुँचे सभी देवताओं का पूजापाठ किया गया। बहीगांव, सोनकुवर, कोमालदेव, माकड़ी, अंजनी, लेंडारा, गढ़बासला, चेमल, गाड़ागौरी, बारदेवरी, पलेवा, सोनकुवर, भावगीर नवागांव से देवी देवता और कांकेर शहर के देवी मंदिर से आगा देव व अन्य देवता पहुंचे थे। सभी देवी देवताओ का महाराधिराज डाँ. आदित्य प्रताप देव सहित राजपरिवार के अश्वनी प्रताप देव व सभी सदस्यों ने पूजा विधि विधान से किया और पुजारी, भगत, गायता व सिरहा सहित अन्य लोगो का आदर सत्कार कर आवभगत किया गया। पैलेस में राजपुरोहित पंडित राकेश शर्मा ने पूजा करवाया। केशकाल क्षेत्र से लोक नृतक दल भी पहुंचा था, जिन्होने लोक पारंपारिक वाध ▶▶। शेष पेज 8 पर



### आमागढ़ में डे नाइट कबड्डी स्पर्धा जारी

**दुर्गुकोंदल।** आमागढ़ में दशहरा पर्व के अवसर पर युवा शक्ति संगठन आमागढ़ के युवाओं द्वारा डे नाइट प्रो कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ 11 अक्टुबर शुक्रवार को किया गया। ग्राम के गायता बिसम राम राना द्वारा युवा शक्ति संगठन आमागढ़ के युवाओ द्वारा परिश्रम करके निर्माण किया गया मंच को फीता काटकर और मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित का मंच का शुभारंभ किया गया। समिति के अध्यक्ष दिनेश मेरिया, उपाध्यक्ष प्रभु दर्रो, सचिव रामलाल वासुदेव ने बताया है कि आज 13 अक्टूबर रविवार को रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है।

## नेट सेवा फेल : शिविर में आयुष्मान कार्ड नहीं बना, हितग्राही निराश लौटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल के विभिन्न इलाकों में जिओ का टॉवर लग चुका है, लेकिन कई जगहों में लगातार समस्या उत्पन्न हो रहा है। ग्राम पंचायत परभेली के आश्रित ग्राम गुमड़ी में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर लगाया गया था और लोग सुबह से ही आ रहे थे, लेकिन नेटवर्क समस्या के वजह से खाली हाँथ सभी ग्रामीणों को वापिस लौटना पड़ा।

गुमड़ी के ग्रामीणों ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि जब से आसपास जिओ नेटवर्क लगा है, तबसे लगातार समस्या चल रहा है। परभेली, जाड़ेकूर्से, भेलवापानी व शीतलपुर जैसे गांव में जिओ टॉवर लग चुका और कई बार माँग किया गया है कि आसपास के टॉवर का रेंज बढ़ाया जाएं, परंतु कंपनी के अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे है। इस संबंध में ऑपरेटर को फोन लगाने से केवल आश्वासन दिया जाता है और कोई कार्य नहीं कर रहें है। डिजिटल इंडिया के तहत गांव गांव में नेटवर्क पहुँचाने अभियान है और कई जगहों में पहुंच भी चुका है, लेकिन नेटवर्क सही से काम नहीं करता और आज हर कार्य ऑनलाइन हो रहा है। बच्चों की पढ़ाई अब ऑनलाइन करने में एवं ग्रामीणों को ऑनलाइन कार्यों में दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन जिओ नेटवर्क की हालात खराब होते जा रहा है। विकासखंड दुर्गुकोंदल मुख्यालय में सबसे पहले बीएसएनएल नेटवर्क हुआ करता था, परंतु प्राइवेट कंपनी ने बीएसएनएल के कार्य को प्रभावित करते हुए अपना नेटवर्क खड़ा कर लिया है। ▶▶। शेष पेज 8 पर

माता दुर्गा की मनोरम झांकी को देखने दर्शकों की भीड़ उमड़ी

# मां दुर्गा प्रतिमा की विसर्जन शोभायात्रा में डीजे की धुन पर श्रद्धालु जमकर थिरके

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कांकेर



नौ दिनों तक पूजा अर्चना के उपरांत दसवें दिन देर शाम 5 बजे से बाजे व डीजे की धुन पर नाचते श्रद्धालुओं ने माँ दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन के लिए प्रतिमाओं का स्थापना स्थल से निकलना शुरू हो गया था, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में दोपहर बाद से विसर्जन शुरू हो गया था। शहर में विर्सजन देर रात तक चला। समाचार लिखे जाने तक शांति से विर्सजन शुरू हुआ।

कांकेर शहर के विभिन्न वार्डो में 3 अक्टूबर को माँ दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना किया गया था। पंचमी, अष्टमी, नवमीं पर विशेष हवन पूजन करने के उपरांत नवें दिन नौ कन्या भोज कराकर आम नागरिकों के लिए सभी पंडालो में भंडारा हुआ। नवें दिन की पूजा पाठ के उपरांत दसवें दिन देर शाम माँ दुर्गा प्रतिमा की झाँकी विसर्जन के लिए निकाला गया। यह सिलसिला शाम 5 बजे के आसपास शुरू हुआ, जो देर रात तक चलता रहा। शहर के मुख्य मार्ग से दुर्गा माँ की प्रतिमाओं की झांकी होते हुए अलबेलापारा तालाब पहुँची, जहाँ पर प्रतिमाओं का विर्सजन किया गया। प्रशासन ने विर्सजन के लिए पुख्ता इंतजाम करके रखा था, जिससे किसी भी समिति को कोई दिक्कत नहीं हुई। समाचार लिखे जाने तक विसर्जन के लिए निकली झाँकियाँ शांति ढंग से निकली। श्रद्धालु गाजे बाजे के धुन में नाचते हुए माँ की विदाई में जयकारा लगाते हुए दिखे।

### दसवें दिन माँ को दी विदाई

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड मुख्यालय दुर्गूकोंदल में नौ दिनों तक पूजा अर्चना के उपरांत दसवें दिन बाजे गाजे, डीजे की धुन पर नाचते मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। प्रतिदिन जसगीत, सेवागीत गाकर मां दुर्गा को प्रसन्न किया गया। सप्तमी पर मानसगान कार्यक्रम की आयोजन कर मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम भगवान की चरित्र का बखान किया गया। बच्चों की रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता का लोगों ने खूब मनोरंजन किया। मां की विदाई में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी और अंतिम आरती में दुर्गूकोंदल आम नागरिक श्रद्धालु, भक्त शामिल होकर विदाई दिया।

### विधायक सावित्री आज दुर्गूकोंदल प्रवास पर



**दुर्गुकोंदल।** भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सावित्री मनोज मंडावी का आज 13 अकटूबर रविवार को एक दिवास दुर्गुकोंदल के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान ग्राम डांगरा एवं खुटगांव के देवकोट में नरेटी परिवार के द्वारा आयोजित देव दशहरा कार्यक्रम में शामिल होंगें। इसके अलावा डांगरा में नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवन स्कूल पारा एवं उप स्वास्थ्य पारा में नए भवन का लोकार्पण करेंगे एवं कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात एवं अन्य कार्यक्रम में शामिल होंगे।

हरिभूमि पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप

### उरेंदाबेड़ा में दुर्गाष्टमी हवन-पूजा के बाद कन्या भोज लिया पुण्य



**धनोरा।** ब्लॉक फरसगांव ग्राम उरन्दाबेड़ा के शीतला मंदिर में नवरात्रि के समापन समारोह में होमन दिप जलाकर सभी श्रद्धालु ग्राम वासि करीबन छै सात सौ संखया मैं उपस्थित रहे जिसमे राजस्थान के योगेश्वर शर्मा के द्वारा भंडारा कर 1051 के द्वारा नौ कन्याओं को खिर पुड़ी लड्डु भोजन ग्रहण कराके सभी नै कन्याओं को 21,,, ,, 21 रू पैसा भेट कर श्रद्धालूओं का उत्साह बढ़ाया और ग्राम के प्रमुख सियानो के द्वारा योगेश्वर शर्मा को शीतला माता पुजारी बदगू राम नाग कंकालीन माता पुजारी बंसी लाल जैन ने फुल माला से स्वागत कर साल श्रीफल भेट कर विदाई दिया गया जिसमे हमारे ग्राम के प्रमुख पटेल श्री सुखदेव नाग श्री मांगाऊ राम नाग श्री गोवर्धन जैन श्री संकर लाल शार्दूल लक्ष्मीनाथ सेठया लोकचन्द जैन बरमान्द जैन नाथूराम सेठया बालसिंह नाग सोमनाथ पोटाई भकचन्द जैन जसवंत जैन सुकलू नाग दुर्गा प्रसाद जैन भारत जैन लखनलाल पोटाई मनोज नाग दुल्लू मंडावी सभी ग्रामीण जन उपस्थित रहें पहुंच विहीन वनांचल क्षेत्र मैं भी नवरात्रि पर्व की धूमधाम से मनाया गया है।

### दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में नवरात्रि धूमधाम से मनाई

**जगदलपुर।** शहर से सटे मंगडू कचोरा स्थित प्रसिद्ध दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में ग्रामवासियों और पुजारी हिरामन देशमुख के नेतृत्व में शारदीय नवरात्रि धूमधाम से मनाई गई। विभिन्न गांवों और शहरों के भक्तों ने मंदिर में 45 ज्योति कलश स्थापित किये थे। पुजारी ने बताया कि शारदीय नवरात्रि के दौरान मंगडू कचोरा गांव में श्रद्धा भक्ति का वातावरण देखने को मिला। प्रतिदिन मंदिर परिसर में महिला एवं पुरुष भजन मंडलियों द्वारा मातारानी और हनुमान के भजनों की प्रस्तुति दी जाती रही। पंचमी और अष्टमी पर मंदिर परिसर में मंगडू कचोरा की भजन मंडली द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के गांवों के ग्रामीणों ने भजन का आनंद उठाया।

# घटिया बीज की आपूर्ति पर किसान बिफरे, रांधना शंकर कृषि केंद्र के खिलाफ शिकायत

## सैकड़ों किसानों को लाखों का नुकसान, मुआवजे की मांग, थाने में सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगाँव

फरसगाँव थाना अंतर्गत रांधना क्षेत्र के सैंकड़ो किसानो ने शनिवार को फरसगाँव थाने पहुचकर खराब बीज देने के साथ उन्हें गोंड मुरिया कहकर दुकान से भगा देने का आरोप लगाकर रांधना के शंकर कृषि केंद्र के संचालक के खिलाफ कार्यवाही हेतु आवेदन दिया है । किसानों ने बताया कि उनके द्वारा रांधना के शंकर कृषि केंद्र में धान की बीज खरीदने गये थे । दुकानदार द्वारा ज़बरदस्ती विगर चंचल हाइब्रिड पांडे सीड्स कम्पनी का बीज अच्छा है कहकर दिया गया। दूसरे बीजो से इस बीज का पैदावार अच्छा है कहा गया। बाकी कम्पनियों की बीज से यह अच्छा बीज है बोलकर जबरदस्ती दिया गया। जबकि किसान दूसरे कंपनी का बीज खरीदने गये थे दुकानदार ने जबरदस्ती विगर चंचल हाइब्रिड पांडे सीड्स कम्पनी का धान बीज जबरदस्ती दिया गया है । किसानों ने उसके बातों पर यकीन कर अपने अपने खेतो में उस बीज को रूपाई किए। अब फसल के अंतिम समय मे धान की बाली सुख कर टूट रहा है।किसानों के द्वारा उपचार हेतु कीटनाशक का छिड़काव भी किया गया है फिर भी कुछ नही हुआ। किसानों द्वारा अपनी समस्या को दुकानदार को बताया गया लेकिन दुकानदार द्वारा आश्वासन दिया जा रहा है कि कम्पनी के लोग सर्वे करगे फिर किसानों के मुआवजा हेतु कम्पनी आकर सर्वे करेगा कहा जा रहा है लेकिन एक माह बीत गए लेकिन अभी तक कम्पनी का कोई भी व्यक्ति सर्वे करने नही आया है। अब दुकानदार धान बीज के बदले मक्का ले जाओ कह रहा है। और कुछ बोलने पर दुकानदार नहीं दूंगा तो क्या कर लोगे, जाओ जहां जाना है बस्तर के गोण्ड, मुरिया लोग कहकर किसानों को भगा देता है।



### बीज आपूर्ति में धोखाधड़ी

अन्य किसी दूसरे कम्पनी के धान बीजों में बाल सूखने व टूटने जैसी अन्य किसी बीमारी नहीं लगी हुई है इसी कम्पनी में ऐसा देखने को मिला। किसानों को आशंका है कि धान बीज पुराना एक्सपायरी धान बीज या खराब धान बीज रहा होगा। जिसे नया पैकेट में अदला-बदली कर बेच दिया गया होगा। जो किसान नगदी खरीदी किए उन्हें रसीद नहीं दिया गया तथा जो किसान उधारी लिया गया है उनका नाम अपने रजिस्टर में लिखाकर रखा है तथा कुछ जागरूक किसानों ने रसीद दिया है। खराब बीज से किसानों की बहुत आर्थिक नुकसान हुआ है । क्योंकि उनके खेतो की धान पूरी तरह खराब हो गया है। किसानों ने शंकर कृषि सेवा केन्द्र संचालक तथा विगर चंचल हाईब्रिड पांडे सीड्स कंपनी विरूद्ध कार्रवाही करने और किसानों को उचित मुआवजा दिलाने थाने में आवेदन दिया है ।

## सुविधा : माकड़ी और फरसगांव विकासखंड के बड़ेडोंगर क्षेत्र में तैनात किया जाएगा

# मरीजों को मिली और सुविधा, लता उसेंडी ने किए दो एंबुलेंस लोकार्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष तथा कोण्डागांव की विधायक लता उसेंडी ने आज जिले के स्वास्थ्य सेवाओं में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, जिला अस्पताल परिसर से दो नई एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन एंबुलेंसों को विशेष रूप से जिले के माकड़ी और फरसगांव विकासखंड के बड़ेडोंगर क्षेत्र में तैनात किया जाएगा। जहां स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता को और अधिक सुदृढ़ करने का लक्ष्य रखा गया है।

**लाइफ सपोर्ट सिस्टम से लैस होंगी एंबुलेंस** – इनमें से एक एंबुलेंस विशेष रूप से लाइफ सपोर्ट सिस्टम से लैस है। जो गंभीर मरीजों के इलाज में एक बड़ा वरदान साबित होगी। यह एंबुलेंस आधुनिक चिकित्सा उपकरणों से सुसज्जित है। जिससे मरीजों को जल्द से जल्द प्राथमिक और आपातकालीन उपचार मिल सकेगा। इस सुविधा का उद्देश्य जिले के दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रें में त्वरित और आवश्यक चिकित्सा सेवाओं को पहुंचाना है। इस अवसर पर विधायक लता उसेंडी ने कहा, ष्हमारा लक्ष्य कोण्डागांव जिले के हर नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है और इन एंबुलेंसों का संचालन इसी दिशा में एक अहम कदम है। इससे ग्रामीण क्षेत्रें में रहने वाले लोगों को तत्काल स्वास्थ्य सुविधा मिल सकेगी। जो अब तक एक बड़ी चुनौती रही है।

**स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम** – जिले में इन नई एंबुलेंस सेवाओं की शुरुआत से आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं में बड़ा सुधार होने की उम्मीद है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार, विशेष रूप से लाइफ सपोर्ट सिस्टम से लैस एंबुलेंस गंभीर स्थिति वाले मरीजों के जीवन को बचाने में सहायक होगी। इस सुविधा के साथ, मरीजों को समय पर चिकित्सा सहायता मिल सकेगी जो उनके इलाज में महत्वपूर्ण योगदान देगी। यह पहल जिला अस्पतालों और ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों के बीच आपातकालीन सेवाओं को और अधिक कारगर बनाएगी।

**समारोह में गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति** – इस कार्यक्रम में विधायक लता उसेंडी के साथ नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, भाजपा जिला अध्यक्ष दीपेश अरोरा, पार्षद अंकुश जैन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके सिंह, सिविल सर्जन डॉ. आरसी ठाकुर सहित जिला अस्पताल के कई डॉक्टर, स्टाफ सदस्य और भाजपा के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने एंबुलेंस सेवाओं के विस्तार को जिले के स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए एक सकारात्मक और आवश्यक कदम बताया।

**स्वास्थ्य सेवाओं में होगा बड़ा योगदान** – नई एंबुलेंसों के संचालन से माकड़ी और फरसगांव जैसे दूरस्थ क्षेत्रें में रहने वाले नागरिकों को त्वरित और प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी। इससे न केवल आपातकालीन स्थिति में मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाना सुनिश्चित किया जा सकेगा। बल्कि सामान्य चिकित्सा जरूरतों के लिए भी स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच आसान होगी। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि यह सुविधा जिले के ग्रामीण क्षेत्रें में स्वास्थ्य सेवाओं के स्तर को बेहतर बनाएगी और चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता में सुधार करेगी। इन एंबुलेंसों के जरिए स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा बढ़ेगा और कोण्डागांव जिले के निवासियों को त्वरित और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाओं का लाभ मिलेगा।

# रामलीला के बाद किया रावण का पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



फरसगांव नगर के रावण भाटा मैदान में हर वर्ष शनिवार को रावण के पुतले का दहन कर विजयदशमी मनाया गया । फरसगांव नगर के रावणभाटा मैदान में रावण का पुतला दहन रामलीला के बाद किया गया ।

प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी बडी से आतिशबाजी के बीच बुराई पर अच्छाई का विजय पर्व मनाया गया । इस दौरान नगर सहित बड़ी संख्या में आस पास गाँव के ग्रामीणों का जमावड़ा रामलीला और रावण दहन पर देखने को मिला । पीपरा गाँव से आई हुई रामलीला मण्डली ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी गई । इस दौरान दशहरा समिति के लोग सहित बड़ी संख्या में नगरवासी और आसपास के ग्रामीण मौजूद रहे।

### मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन

**जगदलपुर।** शहर में नवरात्री पर्व पर स्थापित किए गए मां दुर्गा के प्रतिमा का विसर्जन पर झांकी निकाली गई। इसमें बच्चे ,युवा एवं महिलाएं बैंड बाजा के साथ नाचते रहे।



# तेल कारखाना में चोरी करने वाला आरोपी युवक पकड़ाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

बस स्टैण्ड के पीछे स्थित पुराना तेल कारखाना से लोहे के पुराने सामानों की चोरी करने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

■ कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस के अनुसार बस्तर रोड औद्योगिक वार्ड निवासी अनिल अग्रवाल का बस स्टैण्ड के पीछे तेल का पुराना कारखाना है। वहां लोहे के पुराने सामानों को रखा गया है। गुरूवार को अज्ञात चोर ने मिल के पीछे की दीवार में लगे टिन शेड को छेदकर गोदाम में घुसकर बेयरिंग, कटिंग टार्च, चैन स्पाकेट सहित अन्य लोहे के स्कैब कीमत 15 हजार रूपये की चोरी कर ली थी। अनिल की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। विवेचना के दौरान पुलिस ने प्रार्थी व गवाहों का बयान लेने व घटनास्थल का निरीक्षण कर आरोपी कैलाश उर्फ घुघवा यादव उम्र 21 वर्ष आमापारा वार्ड निवासी को हिरासत में लेकर उसके कब्जे से चोरी गए सामानों को जब्त किया। पुलिस ने आरोपी कैलाश यादव उर्फ घुघवा पिता राजेश को धारा 332(3), 305(ए) बी, बीएमएस के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तारी की कार्रवाई कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत

**धमतरी।** ग्राम सिलीडीह मेन रोड में दो बाइक में आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस घटना में एक युवक की मौत हो गई वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार बिरेझर चौकी क्षेत्र के ग्राम नवागांव-कचना निवासी वेसराज ध्रुव पिता मनोज उम्र 24 वर्ष मजदूरी का काम करता था। गुरूवार की सुबह युवक अपने पिता की मोटरसाइकिल से गांव के मोहन साहू उम्र 24 वर्ष के साथ काम करने गुरूर गया था। जहां से रात्रि 12 बजे दोनों वापस अपने घर नवागांव लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम सिलीडीह मेन रोड पर विपरीत दिशा से आ रही बाइक ने उसे सामने से ठोकर मार दी। इस घटना में बाइक में सवार वेसराज व मोहन गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए भखारा अस्पताल ले जाया गया जहां से रिफर करने पर संजीवनी 108 की मदद से घायलों को जिला अस्पताल लाया गया।

# दंतेश्वरी मां के छत्र और डोली की अगवानी में मावल परघाव की औपचारिकता पूर की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दशहरा में मावली परघाव प्रमुख रस्म है, जहां शक्तिपीठ दंतेवाड़ा से आई दंतेश्वरी मां के छत्र और डोली की अगवानी की जाती है। शनिवार की देर शाम को गीदम रोड के जिया डेरा से देवी की डोली को दंतेश्वरी मंदिर तक लाने में कई घंटे लगे। पूरे मार्ग को जल से धुलाकर पुष्प और कालीन बिछाकर देवी की अगवानी के लिए सुंदर और पवित्र रास्ता तैयार किया गया। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए संजय मार्केट से कुटरू बाड़ा तक बैरिकेट लगाए गए। बाजे-गाजे, आतिशबाजी के साथ देवी की डोली जियाडेरा से दंतेश्वरी मंदिर की ओर रवाना हुई। पूरे रास्ते भर पारंपरिक वाद्ययंत्र के साथ दशहरा में शामिल होने वाले बाजा लिए जय मां दंतेश्वरी का जयघोष करते रहे। सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई थी। आईजी सुंदरराज पी., कमिश्नर डोमन सिंह, कलेक्टर हरीश एस., एसपी शलभ सिन्हा, निगम आयुक्त हरेश मंडावी समेत कई आला अधिकारी मौजूद रहे। डोली के पहुंचने पर महाराजा कमलचंद्र भंजदेव, सुकमा जमींदार परिवार के कुमार जयदेव, किरण देव, राजगुरू नवीन ठाकुर समेत बड़ी संख्या में मौजूद मांझी-चालकी, मेम्बर-मेम्बरिन और दशहरा कमेटी के सदस्यों ने देवी के डोली की अगवानी की। महाराजा और जमींदार परिवार के लोगों ने कंधे में डोली को रखकर परंपरानुसार पूजा अर्चना की। पूरे मार्ग में जनसैलाब देवी दर्शन और आर्शिवाद लेने मौजूद रहा।

■ जिया डेरा से कुटरू बाड़ा तक दर्शन के लिए उमड़ा जनसैलाब

# दशहरे में पुलिस लाइन में किया शस्त्र पूजन

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ के कोण्डागांव जिले में पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने पुलिस लाइन में शस्त्र पूजन का आयोजन किया। इस शुभ अवसर पर पुलिस अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

शस्त्र पूजन के बाद पुलिस अधीक्षक ने आम जनता और सभी पुलिसकर्मियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि शस्त्र पूजन का उद्देश्य पुलिस कर्मचारियों में देश सेवा के प्रति समर्पण भाव को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मचारी हमेशा जनता की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं और शस्त्र पूजन के माध्यम से वे अपनी शक्ति का आशीर्वाद लेते हैं। यह शस्त्र पूजन केवल पुलिस लाइन तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरे कोण्डागांव जिले के सभी थानों में भी विधि–विधान से शस्त्र पूजन किया गया। कोतवाली थाना कोण्डागांव में भी इसी तरह का आयोजन हुआ। यह शस्त्र पूजन न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान था, बल्कि पुलिस कर्मचारियों के मनोबल को बढ़ाने और उन्हें नई ऊर्जा प्रदान करने का भी एक अवसर था। इस तरह के आयोजन पुलिस और जनता के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने में भी मदद करते हैं।



### फरसगांव थाने में किया शस्त्र पूजन

**फरसगाँव।** बुराई पर अच्छाई के विजय पर्व विजयदशमी पर शस्त्र पूजने करने की परंपरा सदियों पुरानी है। फरसगांव थाना में पुलिस के जवानों ने शनिवार को विजयदशमी के दिन शस्त्र पूजन किया। जहा पुलिस एसडीओपी अनिलकुमार विश्वकर्मा , थाना प्रभारी संजय सिंदे, सहायक उप निरीक्षक पीताम्बर कठार, किशोर प्रजापति , प्रधान आरक्षक लोकेश मरकाम, सलीम तिग्गा, ममता ठाकुर, जयश्री ध्रुव , साधना सिंह, बीना कोमरा, आरक्षक कृष्णा सोनवानी, कृष्णा सेठिया, हेमा सार्दुल , घनश्याम यादव, प्रेम मरकाम, भानुप्रिया , धनीराम सलाम, भुनेश्वर मरकाम, आशा जायसवाल, वितावरी पांडे, पैरालीगल वलन्टियर धनबति सहीत पुलिस कर्मियों ने हवन कर शस्त्रों का पूजन किया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार विजयादशमी बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की जीत का पर्व है, ऐसे में पुलिस का प्रयास है कि वह बुरा काम करने वाले, देश विरोधी ताकतों और झगड़ा करने वालों पर सख्ती से कार्यवाही कर सके ।

### भोथीपार में कबड्डी आज

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम भोथीपार में जय बजरंग कबड्डी दल एवं ग्रामवासियों के सहयोग से राज्यस्तरीय रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 13 अक्टूबर रविवार को रखा गया है। प्रथम पुरस्कार 8001, द्वितीय पुरस्कार 5001, तृतीय पुरस्कार 3001, चतुर्थ पुरस्कार 1001 रूपये एवं एवं शील्ड दिया जायेगा। बेस्ट रेडर, बेस्ट केचर, ऑलराउंडर में विशेष पुरस्कार दिया जायेगा। प्रवेश शुल्क 301 रूपये है। तैयारी में प्रीतेश्वर पटेल, सेवक राम, टोपेश्वर पटेल, उमाशंकर पटेल जुटे हुए हैं।

### कंडेल में नाचा आज

**पुरी।** ग्राम कंडेल में दशहरा पर्व पर 13 अक्टूबर को मां अम्बे की खोज ग्राम गज्जूटोला अंबागढ़ चौकी मानपुरगोला का नाचा कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम की तैयारी में पुष्पा नेताम सरपंच कंडेल, कोमल साहू उपसरपंच, पंचगण समेत अनेक ग्रामवासी जुटे हैं।

## पेज 7 के शेष

### पेन-कापी खरीदकर घर लौटता ...

कारण उसे घर लेकर आया हूं , परन्तु अभी भी उसका तबियत दुघर्टना के बाद मैं मेरे पुत्र के ईलाज का लेकर लगातार अलग अलग हास्पिटल में जाने के कारण थाना में रिपोर्ट करने में विलम्ब हुआ है। प्राथियां की शिकायत पर पखांजुर पुलिस ने मोटर सायकल पल्सर एनएस सीसी के चालक चालक सुजन सरकार निवासी पीव्ही 42 के विरूद्व धारा 281, 125 (ए) बीएनएस का अपराध घटित करना पाए जाने से अपराध पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया।

### विजय दशमी पर राजपरिवार ...

यंत्र के धुन में लोक नृत्य की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर महराजाधिराज डा. आदित्य प्रताप देव ने कहा कि रियासताकीन समय में देवी देवताओ की पूजा कर सम्मान देने की परंपरा राजपरिवार की है, जो आज भी कायम है। यह परंपरा हमेशा कायम रहेगी। इस अवसर पर शिक्षक केएन गजबल्ला ने कांकेर पैलेस के साथ राजपरिवार के संबध में ऐतिहासिक जानकारी से आम जनता को अवगत करवाया। इस अवसर पर कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर, कांग्रेस नेता राजेश तिवारी, बिरेश ठाकुर सहित अन्य गणमान्य लोग राजपरिवार के विजय दशमी के कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में पैलेस के प्रबधक आशीष दुबे सहित भक्तु पटेल, पुनित पटेल, देवी पांडेय, आशीष ठाकुर, रौनक सिंह ठाकुर, निरंजन सिंह ठाकुर ने योगदान दिया।

### नेट सेवा फेल : शिविर में ...

प्राइवेट नेटवर्क जियो लगातार मंहगा होते जा रहा है और सेवाएं भी सही ढंग से नहीं दे रहा है। कंपनी के अधिकारियों ने गंभीरता से इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया तो पूरे ईलाके से जियो के टावर हटवाने आंदोलन किया जाएगा और बीएसएनएल के टावर लगाने की माँग किया जाएगा।

### अभिरुचि समूह किशनपुरी ने...

संग्रहण दौरान वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नरहरपुर दिनेश कुमार कुंजाम एवं ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर नरहरपुर रोशन कुमार निषाद द्वारा सीताफल ग्रेडिंग, पैकेजिंग, बाजार व्यवस्था पर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

# महाष्टमी पर देवी मंदिरों व दुर्गा पंडालों में हुआ हवन

■ नौ कन्या पूजन एवं भोज के बाद हुआ प्रसादी का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी





शारदीय नवरात्रि की महाअष्टमी पर शुक्रवार को शुभ मुहूर्त में हवन एवं पूर्णाहुति हुई जिसमें हजारों माता भक्तों ने आहुति डाली। हवन पूजन के बाद नौ कन्या भोज एवं प्रसादी का कार्यक्रम हुआ। कुछ स्थानों पर गुरूवार की शाम को हवन हो गया। शुक्रवार को दोपहर 12 बजे तक अष्टमी मुहूर्त होने के कारण शेष मंदिरों में हवन कार्यक्रम हुआ। 12 बजे के बाद नवमी तिथि प्रारंभ हो गई। शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से पहले शहर के मां विंध्यवासिनी मंदिर, दंतेश्वरी मंदिर, रिसाई मंदिर, काली मंदिर, दुर्गा मंदिर, शीतला मंदिर, बम्लेश्वरी मंदिर सहित अनेक देवी मंदिरों में हवन पूजन हुआ। मां विंध्यवासिनी मंदिर में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक अष्टमी हवन हुआ, जिसमें ट्रस्ट की ओर से अध्यक्ष आनंद पवार एवं मंदिर की ओर से सतीश आपा साहेब पवार ने यजमान के रूप में हवन कुंड में आहुति डाली। पं. निशांत शर्मा ने हवन पूजन कराया। इस मौके पर हजारों माता भक्त उपस्थित थे। हवन के बाद नौ कन्या भोज कराया गया। इसके बाद भक्तों में प्रसादी का वितरण किया गया। अष्टमी हवन के बाद देवी भक्तों ने अपना उपवास तोड़ा। दर्शन के लिए हजारों भक्त देर रात तक पहुंचते रहे।

अष्टमी हवन पर विभिन्न समाजसेवी संगठनों ने रास्ते में जगह-जगह आम भंडारे का आयोजन किया। रामबाग के पास ई-रिक्शा एसोसिएशन द्वारा दिनभर भंडारा रखा गया। बस स्टैंड के पास आटो एसोसिएशन, रामबाग में शिवसेना ने भंडारा रखा। इसी तरह सभी वार्डों के देवी मंदिरों एवं पंडालों के पास भंडारे का आयोजन हुआ।

# नगर में मांई जी की डोली का हुआ भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



मालवी परघाव के लिए बस्तर महाराज द्वारा निमंत्रण देने के बाद बस्तर की आराध्य देवी माई दंतेश्वरी विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा में शामिल होने शुक्रवार शाम जगदलपुर की ओर रवाना हुई।

इस दौरान माई जी की डोली व छत्र शाम लगभग 6 बजे जिले के व्यवसायिक नगरी गीदम के हारम चौक पहुंची। जहां क्षेत्रीय देवी-

■ विधि विधान से की गई पूजा-अर्चना

देवताओं की उपस्थिति में लोगों ने भव्य रूप से स्वागत किया। हारम स्थित दुर्गा पंडाल के सामने भी लोग माई जी के छत्र व डोली का दर्शन करने लम्बी कतारों में खड़े रहे। हारम में स्वागत व पूजा-अर्चना के बाद माई जी की डोली मुख्य मार्ग से होते हुए गीदम के पुराने बाजार परिसर स्थित माई जी के स्तम्भ पूजा स्थल पहुंची, जहां पारम्परिक तरीके से पूजा-अर्चना कर माई जी के सम्मान में सलामी दी गई। इसके पश्चात बाबा रामदेव मन्दिर में लोगों ने माई जी के डोली व छत्र का भव्य स्वागत किया। माई जी के आगमन के दौरान पूरा गीदम नगर माता रानी के जसगीतों व जयकारों से गूंज उठा। डीजे की धुन में भी लोग जमकर थिरकते हुए नजर आए। इसके साथ ही आदिवासी नर्तक दल भी स्वागत के लिए यहां शामिल रहा। बाबा रामदेव मन्दिर के बाद माई जी की डोली मुख्य मार्ग से होते हुए फारेस्ट नाका के पास साहू समाज गीदम के दुर्गा पंडाल पहुंची। हारम से लेकर नगर के अंतिम छोर तक सभी लोगों ने मां दंतेश्वरी का भव्य रूप से स्वागत किया।

महिलाएं आरती की थाली लेकर माता के छत्र व डोली की पूजा - अर्चना करती नजर आई। माई जी की डोली के स्वागत व दर्शन के लिये लोग मार्ग के दोनों ओर खड़े रहे। गौरतलब है कि प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा पर्व पर मावली परघाव की रस्म में शामिल होने माई जी की डोली राज परिवार के निमंत्रण के बाद शुक्रवार को जगदलपुर की ओर रवाना हुई। इस दौरान गीदम शहर पहुंचते ही जगह-जगह भक्तों ने माई जी की डोली का भव्य रूप से स्वागत किया।

## खबर संक्षेप

### विधायक शोक संतप्त परिवार में पहुंच दी श्रद्धांजलि



**दरभा।** गुरुवार को चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के दरभा ब्लॉक के नीलेगोंदी बोदेनार में भाजपा कार्यकर्ता के पिता की हुई असामयिक मृत्यु के गमगीन परिवारों से मिलने क्षेत्रीय विधायक विनायक गोयल पहुंचे। शोकाकुल परिवारो को ढांढ़स बंधाते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में भाजपा परिवार उनके साथ है। कार्यकर्ता महादेव के घर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए विधायक ने कहा कि दुख की इस घड़ी में विवेक एवं धैर्य बनाकर परिवार का पालन पोषण करे। समय बदलते देर नहीं लगती पिता की हुई मौत पर परिवार के साथ बैठकर सांत्वना दी। विधायक के साथ बाबुल, मुन्नू सिंह, देवी प्रसाद बेंजाम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### विश्व हिंदू परिषद मातृ शक्ति ने किया शस्त्र पूजन



**गीदम।** विश्व हिंदू परिषद मातृ शक्ति के द्वारा शस्त्र पूजन का कार्यक्रम गीदम नगर के साहू समाज भवन के दुर्गा पंडाल में रखा गया था। जिसमें लगभग 50 की संख्या में मातृशक्ति, 20 से 22 की संख्या में तरुणी, 27 छोटे बच्चे व लगभग 25 की संख्या में पुरुष वर्ग उपस्थित थे। इस दौरान विभाग संयोजिका श्रीमती विनीता देशमुख, जिला सहसंयोजिका श्रीमती राजेश्वरी नाथ व प्रांत सह संयोजिका श्रीमती पार्वती परिहार के साथ साथ विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के संतोष कुमार साहू भी उपस्थित रहे।

### बच्चों के मध्य ऊंची कूद लम्बी कूद स्पर्धा



**गीदम।** एकल अभियान के तहत अंचल बैलाडीला संच रोंजे के पुरनतरई में एकल विद्यालय के बच्चों का खेल प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें अंचल अध्यक्ष अतुल चौधरी, अभियान प्रमुख अनिल नाग के निर्देश पर संच, रोंजे के संच प्रमुख राजेश कुमार तर्मा, संच समिति श्रीमती लखमी कश्यप, सुनिल, लखु वैडे अन्य सदस्य व आचार्य संच की उपस्थिति में खेल प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के अंदरुनी इलाके के बच्चे ने हिस्सा लिया। इस दौरान बच्चो के मध्य ऊची कुद, लम्बी कुद, दौड 100, 200, 400 मीटर, कबड्डी व कुश्ती की प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

### साईं मंदिर में हवन...



**जगदलपुर।** शहर के धरमपुरा रोड स्थित साईं मंदिर में शुक्रवार को हवन किया गया, जिसमें भक्त शामिल हुए।

## 9 कन्याओं को कराया भोजन...



**दंतेवाड़ा।** शारदीय नवरात्रि की नवमी को लोगों ने अपने घरों में नौ कन्या भोज कराया। हालांकि व्रतधारी भक्तों ने नवरात्रि के दौरान पंचमी से ही अपनी श्रद्धा अनुसार नौ कन्या भोज का आयोजन करना शुरू कर दिया था। इस बार अष्टमी व नवमी की तिथि दोनों एक साथ होने की वजह से अधिकांश भक्तों ने शुक्रवार की नवमी को नौ कन्याओ की भोज कराया वही नवमी की तिथि को दंतेश्वरी मंदिर तथा दुर्गा मंडप में भी पूर्णहुति के बाद नौ कन्या भोज का आयोजन कराया गया।

## मां दुर्गा की प्रतिमाओं का हुआ विर्सजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



नगर सहित आस-पास के ग्रामीण इलाकों के पंडालों में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन आज दिन भर होते रहा। नगर में विराजित आधा दर्जन से भी अधिक दुर्गा पंडालों में नौ दिनों तक मां की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। महाअष्टमी और महानवमी के दिन नगर में जगह-जगह भंडारा का आयोजन किया गया था। जहां हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। विभिन्न दुर्गोत्सव समितियों द्वारा माता दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन से पूर्व नगर में झांकी निकाली गई। इस दौरान पूरे शहर में माता के जसगीतों से भक्तिमय माहौल बना रहा। लोग डीजे की धुन में थिरकते हुए भी नजर आए। नगर के जनकल्याण दुर्गोत्सव समिति हारम, तहसील साहू समाज दुर्गोत्सव समिति, शिवम दुर्गोत्सव समिति, नवयुवक दुर्गोत्सव समिति समेत विभिन्न दुर्गोत्सव समिति द्वारा आज नगर में विसर्जन से पूर्व मां दुर्गा की झांकी निकाली गई। सभी समितियों ने माता दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन प्रशासन के नियमों का पालन करते हुये किया। नम आंखों से विदाई देते हुए भक्तों ने मां की प्रतिमाओं का विसर्जन किया।

## विजयादशमी पर थाना प्रभारी ने किया शस्त्र पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



विजयादशमी पर्व के उपलक्ष्य में थाना गीदम में थाना प्रभारी धनंजय सिन्हा के नेतृत्व में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शस्त्र पूजन किया गया। इस दौरान एसआई संजय यादव, मनोज नेगी, राजकुमार व थाना गीदम के समस्त पुरुष एवं महिला कर्मचारियों ने हवन पूजन में भाग लिया।

गौरतलब है कि प्राचीन परंपरा व मान्यता अनुसार विजयादशमी के दिन शस्त्र पूजन को शुभ माना जाता है। प्राचीन कथा अनुसार भगवान राम जब रावण का वध करने के लिए लंका गए उसके पूर्व शस्त्रों की पूजा की। एक और मान्यता अनुसार माता दुर्गा जब महिषासुर का वध करने जा रही थी, उसके पहले सभी देवताओं ने उनके शास्त्र की पूजा की। विजय प्राप्त करने के कारण आज के दिन को विजयादशमी कहते हैं। गीदम थाना प्रभारी धनंजय सिन्हा ने कहा देश की सेवा एवं देश की रक्षा के लिए हमारे अस्त्र-शस्त्र हमेशा तैयार है। हम देश की सेवा व आम जनता की रक्षा के लिए सदैव तैयार रहेंगे।

## कोरी कोरी नरियर चढ़े, झुपत झुपत आए दाई मोर अंगना गानों से झूम उठे नगरवासी



**गीदम।** नवरात्रि में शिर्डी साईं फाउंडेशन सेवा समिति गीदम के द्वारा पदयात्री सेवा के साथ साथ नगर में माता का जगराता कर गीदम नगर को भक्तिमय कर दिया। अष्टमी के अवसर पर जसगीत के सुप्रसिद्ध गायक दिलीप षड़ंगी के द्वारा माता का जगराता किया, जिसमें नगर के सभी भक्तजन भक्ति के गानों में झूमे। मां की वंदना के साथ भक्ती गीतों ने पूरा शमा बांध दिया। गौरतलब है कि शिर्डी साईं फाउंडेशन सेवा समिति गीदम के द्वारा प्रति वर्ष नवरात्रि में पदयात्रियों के लिए भोजन व्यवस्था, ठहरने की व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था, मालिश की व्यवस्था की जाती रही हैं। जिसमें हजारों श्रद्धालु इसका लाभ लेकर माता दंतेश्वरी के दर्शन करने जाते हैं।

## तुरपुरा पहुंचे केदार, दुर्गा उत्सव कार्यक्रम में हुए शामिल


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



विकासखण्ड बस्तर के तुरपुरा में सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा नवरात्रि पर्व पर दुर्गा माता की मूर्ति स्थापना किया गया है। जिसमें क्षेत्रीय विधायक नारायणपुर व वन मंत्री केदार कश्यप आज ग्राम तुरपुरा पहुंचे। उन्होंने सर्व प्रथम मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर विशाल जन सभा को सम्बोधित किए।

उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि वैदिक काल से चली आ रही इस परंपरा को हम इन पद्धतियों के माध्यम से सदैव जीवंत बनाये रखने का काम करते आ रहे हैं। इससे मैं गर्व महसूस करता हूं। इससे लोगों में सदैव धार्मिक आस्था प्रगाढ़ बनी रहती है। उन्होंने कहा खेल हमारे जीवन का प्रमुख अंग है, जिससे हमारा शरीर और स्वास्थ्य उत्तम होता है। स्वस्थ मस्तिष्क में ही स्वस्थ मन का वास होता है। उन्होंने स्पर्धा के लिए 21,000 का नगद राशि प्रदान किया। साथ ही लोगों ने विभिन्न मांगों को लेकर जो आवेदन दिया, उसे त्वरित पूरा करने का आश्वासन दिया। वहीं धाकड़ समाज के भवन की मांग को लेकर समाज के मुख्य लोगों ने आवेदन प्रस्तुत किया उसे भी बनाने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष किशोर ठाकुर, उपाध्यक्ष डमरू ठाकुर, सचिव सुशील ठाकुर, जागेश्वर ठाकुर, दयानिधि ठाकुर, छबी सिंह ठाकुर, सरपंच पति सोमारू कश्यप, पुजारी रामलाल ठाकुर, भोला सिंह ठाकुर समेत अन्य जन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



जगदलपुर। बंगीय समाज में स्थापित दुर्गा प्रतिमा।



जगदलपुर। मैत्री संघ में स्थापित दुर्गा प्रतिमा।



जगदलपुर। धरमपुरा नम्बर-2 में स्थापित दुर्गा प्रतिमा।



जगदलपुर। धरमपुरा नम्बर -3 में स्थापित दुर्गा प्रतिमा।



मिलन संघ आड़ावाल में स्थापित दुर्गा प्रतिमा।

## भाजपा सरकार की नीतियों एवं योजनाओं को पहुंचा रहे हैं जनता तक

**बीजापुर।** बीजापुर जिले के बारेगुड़ा, गंगारम और लिंगापुर जैसे अंदरूनी इलाकों में पहुंच कर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता क्षेत्र के लोगों को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाने का काम कर रहे हैं और केंद्र की नरेंद्र मोदी की सरकार और प्रदेश की विष्णुदेव साय की सरकार की लोककल्याणकारी नीतियों और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर लोग बढ़-चढ़ कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। उक्त बातें वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व सांसद प्रतिनिधि श्रीनिवास रेड्डी ने शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश के आम लोगों के आकांक्षाओं की पार्टी है। यह एक ऐसी पार्टी है जो देश के सभी वर्गों को साथ लेकर चलती है। देश में जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनी, तब से देश लगातार विकास के पथ पर अग्रसर है और विश्व में भारत वर्ष की विकसित राष्ट्र के रूप में पहचान बनी है।




# उरांव समाज के सामाजिक भवन का हुआ लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर




कुडुख उरांव समाज शिक्षा और कृषि के क्षेत्र में स्थानीय जन समुदाय के लिए आदर्श प्रस्तुत कर रहा है। कुडुख उरांव समाज के युवा शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर और भी लोगों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उक्त बातें बुधवार को बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी ने कुडुख उरांव समाज के सामाजिक भवन के लोकार्पण समारोह को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सामाजिक गतिविधियां, सामाजिक एकता और विकास की परिचायक है। बुधवार को बीजापुर स्थित नव निर्मित कुडुख उरांव समाजिक भवन का लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक विक्रम मंडावी ने सर्व आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों और जन प्रतिनिधियों की मौजूदगी में फीता काट कर किया।

इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जग्गूराम तेलामी ने कहा कि विधायक विक्रम मंडावी के प्रयास से जिला मुख्यालय में सभी समाज के सामाजिक भवनों का निर्माण लगभग पूरा हुआ। उन्होंने कहा कि कुडुख उरांव समाज के लोग शिक्षित होने के साथ ही प्रशासनिक सेवाओं में अपनी पहचान बनाई है तथा अपनी भाषा, संस्कृति और विरासत को नही छोड़ा है। समारोह को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष लालू राठौर ने कहा कि कुडुख उरांव समाज के नृत्य काफी मनमोहक हैं, इनके मांदर के थाप के साथ लयबद्ध गीत के साथ नृत्य अपनी पहचान और विरासत से जुड़ाव को प्रदर्शित करता है। आगामी दिनों में बीजापुर मुख्यालय में सामूहिक करमा नृत्य आयोजन की पहल की जानी चाहिए। सभा को गोंडवाना समन्वय समिति के अध्यक्ष अमित कोरसा, कंवर समाज के जिला अध्यक्ष कमलेश पैंकरा, दोरला समाज के संभागीय अध्यक्ष अनिल बुरका, फादर सबास्तियन, जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे सहित अन्य पदाधिकारियों ने संबोधित किया।

लोकार्पण कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, सर्व आदिवासी समाज भैरमगढ़ अध्यक्ष सीताराम मांझी, सीएस नेताम, कामेश्वर दुब्बा, श्रवण सैंड्रा, विनीता बघेल, जमुना कोरसा, साधना पैंकरा, ममता नाग, बुधराम तेलम, तेलगा समाज के प्रतिनिधि राजू पुजारी, अमोल खलखो, रजत कुजूर, जुलियस तिर्की, प्रताप कुजूर सहित भैरमगढ़, दुगोली, मिड़ते, गंगालूर, गोंगला, आवापल्ली से आए उरांव समाज के महिलाएं, युवा और छात्र मौजूद थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# दुधावा में माँ दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन श्रद्धा और भक्ति से साथ किया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुधावा



दुधावा में शारदीय नवरात्रि बड़ी ही धूमधाम से 9 दिन तक मनाया गया। ग्राम के माता पिता बुजुर्ग सियान जवान छोटे बच्चों कन्याओं ने माता की पूजा अर्चना किया। दसवें दिन माँ दुर्गा की प्रतिमा को बाजे-गाजे, डांग डोली देवी देवताओं के साथ विसर्जन स्थल ले जाकर माँ दुर्गा के प्रतिमा को विसर्जन किया गया। मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग सम्मिलित हुए।

सरोना तहसील अंतर्गत ग्राम साल्हेटोला में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शीतला मंदिर में ज्योति कलश स्थापना किया गया था। इस पावन अवसर पर ग्राम विकास समिति एवं नवयुवक मंडल के तत्वाधान में त्रिदिवसीय जस गीत का आयोजन 8 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक सुबह 11 से रात्रि 10 बजे तक किया गया, इस प्रतियोगिता में 9 मंडली ने भाग लिया। मंडलियों में प्रथम स्थान सती महिला जस मंडली, दूसरी स्थान रघुवंश जस गीत मंडली देवडोगर, तीसरा स्थान सिया के राम परिवार जस मंडली दुधावा ,चतुर्थ स्थान जय अंबे सेवा मंडली छापरपारा ,पंचम स्थान श्री राम अनुरागी जस जगराता ग्रुप सरोना ,छठा स्थान जय बजरंग सेवा समिति धौराभाठा , सातवें स्थान बलकेश्वर जस मंडली मावली पारा,अष्टम स्थान अंगार मोती सेवा समिति सारवंडी , नौवें स्थान जय मां सरस्वती जस मंडली साल्हेटोला ने स्थान अर्जित किया निर्णायक की भूमिका पर किशोर साहू युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष, काजू राम साहू ग्राम विकास समिति अध्यक्ष, गेंदू मांडवी देव समिति अध्यक्ष, राजेंद्र भास्कर ग्राम पटेल, अशोक कुलदीप संरक्षक, कुमारी कुंजाम, मनई बाई बघेल ने निर्णय दिए। जय मां शीतला ज्योत समिति सालहेटोला में आयोजित त्रि दिवसीय जस गीत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त जय सती महिला जस समिति को मिला।

## खबर संक्षेप

### आरक्षक ने शासकीय क्वार्टर में लगाई फांसी

**जगदलपुर।** परपा थाना के पीछे बने शासकीय क्वार्टर में रहने वाले आरक्षक दिनेश मिच्चा 35 वर्ष ने अज्ञात कारणों के चलते अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी लगते ही परपा पुलिस मौके पर पहुंच शव को पीएम के लिए मेकाज भेजा, जहां पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### दशहरा मंद बाजार में दारू बेचतीं महिलाएं



**जगदलपुर।** बस्तर दशहरा न केवल पर्व है बल्कि पूरे संभाग से आने वाले अलग-अलग जनजातियों का विभिन्न रूप देखने का समागम स्थल है। जिस तरह साप्ताहिक बाजारों में वनोपज और अन्य सामानों का आदान प्रदान होता है उसी तरह दशहरा में भी पर्व के आखरी के 3-4 दिन तक मंद बाजार लगता है। जहां अपने साथ देशी मदिरा लाने वाली महिलाएं शराब बेचकर अपने श्रृंगार और जरूरत के सामान खरीदकर ले जाती हैं। पहले मंद बाजार संजय बाजार हनुमान मंदिर के पास स्थित वन विभाग के परिसर में लगता था। इस साल तहसील आफिस के सामने लगा है। तहसीलदार कार्यालय को तोड़ फोड़कर वहां टेम्पल कमेटी के लिए व्यवस्था की गई है। तहसीलदार कार्यालय कलेक्टोरेट के आगे एसडीएम कार्यालय के साथ लगने लगा है। मंद बाजार में महिलाएं देशी महुआ की शराब के अलावा चखना भी बेचती हैं। शहर के मदिरा प्रेमियों के अलावा गांव के लोगों को भी यहां मद्यपान करते देखा जाता है। दशहरा पर्व में मंद बाजार में किसी तरह का कोई बंदिश नहीं होता है। पुलिस भी पर्व को देखते हुए नजर उधर नहीं करती है। यह व्यवस्था रियासतकाल से चली आ रही है।

### मानसून लौटी, गंगालूर में सर्वाधिक 80 एमएम वर्षा से लोग हैं परेशान

**जगदलपुर।** दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी प्रारम्भ हो गई है, बस्तर में अभी भी बारिश का दौर जारी है। शुक्रवार को दक्षिण बस्तर के बीजापुर जिले के सुदूर गंगालूर में 80 एमएम वर्षा हुई। जिससे उस इलाके के लोग हलाकान रहे। पिछले 24 घण्टो के दौरान शुक्रवार सुबह साढ़े 8 बजे से शाम साढ़े 5 बजे तक दक्षिण बस्तर के कुछ इलाके में बारिश दर्ज की गई। बीजापुर जिले के गंगालूर में 8 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। उसूर में 4 एमएम, बीजापुर 3 एमएम, कटेकल्याण 3 एमएम, दोरनापाल 2 एमएम, जगरगुंडा 2 एमएम, बड़े बचेली 1 एमएम, भोपालपटनम 1 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। प्रदेश के कई इलाकों में आज बादल छाए रहने की सम्भावना है।

# आदिशक्ति बंजारी मंदिर के भंडारे में सैकड़ों को बांटा गया प्रयाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल



दुर्गुकोंदल तहसील क्षेत्र के ग्राम हाहालद्दी में स्थित आदिशक्ति मां बंजारी देवी के प्रांगण में नवमी के पावन पर्व पर गोयल ग्रुप के माइंस प्रबंधन द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सैकड़ों की संख्या में मातारानी के भक्तों नें प्रसाद ग्रहण किया।

ज्ञात हो कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बंजारी माता मंदिर हाहालद्दी में गोयल ग्रुप के माइंस प्रबंधन द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस आयोजन में माता रानी के भक्तों के लिए प्रसाद स्वरूप दाल, चावल और सब्जी प्रसाद के रूप में वितरित किया गया, जिसका मंदिर में माँ के दर्शन के लिए आए भक्तों ने भरपूर आनंद लिया। गोयल ग्रुप के सहायक महाप्रबंधक डीएन मोहन्ता नें बताया कि हर वर्ष दोनों नवरात्रि में नवमी के दिन उनके संस्थान द्वारा माता के दरबार में भंडारा आयोजित किया जाता है। इसके साथ ही इस वर्ष पंचमी से लेकर नवमी तक लगातार प्राथमिक उपचार शिविर भी लगाया गया, जिसमें आने वाले जरूरतमंद भक्तों को निःशुल्क प्राथमिक उपचार का लाभ भी प्रदान किया गया। इस वर्ष भंडारे के आयोजन में अतुल जैन, अरविंद राय, शशिकांत द्विवेदी, प्रवीण सिन्हा, हरिश्चंद्र सिन्हा और भूपेंद्र सिन्हा इत्यादि ने सहभागिता निभाई।

### चलित प्रयोगशाला वैन टीम ने सड़क की गुणवत्ता की जांच की

**जगदलपुर।** लोक निर्माण विभाग के परिक्षेत्र परीक्षण एवं अनुसंधान प्रयोगशाला परिक्षेत्र के चलित प्रयोगशाला वेन की ओर से बस्तर संभाग के सातों जिलों के सड़क की गुणवत्ता की जांच की जा रही है। सितंबर माह में सिर्फ एक ही सड़क कोंडागांव संभाग के नरना-उन्दरा मार्ग की जांच की, जबकि इसके लिए पृथक से कार्यपालन अभियंता पदस्थ किया गया है, निरीक्षण के दौरान टीम ने बीटी कोर का सैम्पल लिया। इससे तीन माह पूर्व चलित प्रयोगशाला वेन की टीम ने कांकेर संभाग के कांकेर के दुधावा से मुरूमसिल्ली मार्ग, दुधावा मार्ग, कांकेर शहर के चौड़ीकरण, उन्नयन कार्य, भानुप्रतापुर संभाग के सम्बलपुर से सीलपट मार्ग, राजनांदगांव-बैलाडिला मार्ग निर्माण कार्य, उत्तर बस्तर संभाग क्रमांक-2 का ग्राम भैसगांव-ठोटीपारा-अलवाही मार्ग का निर्माण कार्य के गुणवत्ता की जांच की थी।

# दुर्गाष्टमी हवन-पूजा के बाद ज्योत-जंवारे का विसर्जन



**दुर्गुकोदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोदल अंतर्गत ग्राम पंचायत सिवनी में नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में ग्राम के शीतला माता मंदिर में ज्योत प्रज्वलित कर ग्राम वासियों के संयुक्त तत्वाधान में 9 दिन तक ज्योत पजजव कर पूजा अर्चना कर महाअष्टमी के दिन विसर्जित की गई। ग्राम के गायता पटेल रामूराम मंडावी, बिहारी लाल सिंहा, महेश कुमार मतलामी, रेख राम विश्वकर्मा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्रि दशहरा पर्व के उपलक्ष में ग्राम की शीतला माता मंदिर में नवजोत दीप प्रज्वलित कर महा अष्टमी को कन्या पूजन कर भोजन कराया गया।

# नाबालिग को झांसा देकर झारखंड ले गया, अपहरण का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




गढ़पिछवाड़ी में रहने वाले नाबालिक को अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर झारखंड ले गया है। नाबालिक के पिता की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपरहण का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे गढ़पिछवाड़ी निवासी 43 वर्षीय शिव कुमार साहू पिता सावत राम साहू ने पुलिस को बताया कि मेरे नाबालिक पुत्र मयंक साहू उम्र 17 वर्ष को 17 सितंबर को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर नौकरी के नाम पर जागदा झारखंड ले गया है। इसकी जानकारी मुझे मेरे पुत्र ने फोन कर बताया है। मेरे पुत्र को वापिस लाने की माँग किया है। मेरा पुत्र मुझसे बात करता है और लगता है कि उसे बंधक बनाकर रखा गया है। उसकी बातचीत से लग रहा है कि बंधक से छुटकारा पाना चाहता है, परंतु बंधक होने के कारण नहीं निकल पा रहा है। ऐसा उससे बातचीत करने से लग रहा है, वो किसी मुसीबत में फंसा हुआ है। पिता की शिकायत पर कांकेर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 137 (2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# मां को भड़काने के नाम पर विवाद ब्याही बहन की पिटाई, रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पखांजुर थानांतर्गत बाजारपारा कापसी में दशहरा मनाने पहुँची बहन को छोटे भाई ने माँ को भड़काने का आरोप लगाते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया, जिससे बहन को छोट आई। माता व पिता के बीचबचाव करने से बड़ी अनहोनी टल गई। बहन की शिकायत पर पखांजुर पुलिस ने आरोपी भाई के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

पखांजुर थाना में शिकायत करने पहुँची कंचन मंडल पति नारायण मंडल ने पुलिस को बताया कि मैं गढचिरौली सुभाष वार्ड नंबर 02 गांधी वात थाना गढचिरौली महाराष्ट्र की निवासी हूँ और ब्यूटी पार्लर दुकान में काम करती हूं। मैं 4 अक्टूबर को गढचिरौली से दुर्गा पूजा के लिए अपने मायके बाजारपारा कापसी आई थी। मेरे छोटा भाई विश्वजीत दास को मेरी मम्मी आरती दास ने 12 अक्टूबर की रात साढ़े 11 बजे कहा कि स्कूटी को कहां गुमाया है, बोल रही थी तभी मेरा छोटा भाई मुझे बोला कि मेरी मम्मी को भड़काती है और यहां चुगली करने आई है, ऐसा कहते हुए गाली देते हुए मुझे व मेरे बेटे को जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा। भाई की मारपीट से मेरे सिर, दोनों हाथों, उंगलियां, कान के पास चोट आया है। भाई के मारपीट करने पर मेरे माता पिता ने बीच बचाव किए एवं घटना को देखे सुने हैं।

# विजय दशमी पर राष्ट्रीय स्वयं सेवकों ने किया शस्त्र पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा विजयादशमी उत्सव पर नगर के वीर भगत सिंह प्रभात शाखा में शस्त्र पूजन कर विजयादशमी उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहन दास मानिकपुरी एवं मुख्य वक्ता फगुनू राम उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्य वक्ता फगुनू राम ने कहा कि संगठन में अजेय शक्ति होती है। आसुरी शक्ति को परास्त करने के लिए मां दुर्गा की पूजा की जाती है। डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने सन 1925 को विजयादशमी के दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी। कुछ स्वयंसेवकों को लेकर संघ आगे बढ़ा और आज यह वट वृक्ष की तरह फैल चुका है। इसके 55 आनुषांगिक ईकाई विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत हैं। संगठित रहने पर हमें कोई भी शक्ति परास्त नहीं कर सकती है। संघ की नित्य शाखा से काम करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना काल में संघ के स्वयंसेवक समाज को सहायता पहुंचाने से लेकर श्मशान तक सेवा भाव से डटे रहे।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज




एजेंसी देना है...
हरिभूमि समाचार पत्र कांकेर जिला के अंतर्गत भानुप्रतापपुर में एजेंसी देना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता। सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय, कांकेर
महुरबंध पारा ऊपर नीचे रोड, कांकेर
मो. 7000955574, 8817702271
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9098324969
0771-4242211